सौ विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए दिए एंड्रायड फोन

जायस | हिन्दुस्तान संवाद

मेधावी छात्रा को मोबाइल फोन देते आरजीआईपीटी के निदेशक

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गरीब घरों के 100 मेधावी छात्र छात्राओं को सैमसंग के एंड्रायड फोन निःशुल्क दिए गए।

संस्थान की ओर से ज्ञानार्पण (प्रोजेक्ट अमेठीः शिक्षा एवं समावेशी विकास) पहल के तहत ऑनलाइन शिक्षण का कार्यक्रम शुरू हुआ है। इसके तहत अमेठी जनपद के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को विज्ञान (भौतिकी व रसायन), गणित एवं अंग्रेजी विषयों की ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं इस पहल को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए आरजीआईपीटी संस्थान, हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की वित्तीय सहायता से प्रयोगात्मक रूप से सीमित संख्या में अमेठी जिले के निम्न आय-वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को एंड्राइड फोन उपलब्ध करा रहा है ताकि वे सुचारू रूप से ऑनलाइन पढ़ाई जारी रख सकें।

प्रथम चरण में, विभिन्न विद्यालयों के चुनिंदा 100 बच्चों क्रमशः सुप्रिया कौशल, अंशुल तिवारी, सानिया अकील अंसारी, नूर फातिमा, रेवती मिश्रा, आकाश सिंह, अनामिका मिश्रा, वंशिका श्रीवास्तव, वैशाली वर्मा, सानिया आदि को निःशुल्क एंड्राइड फोन उपलब्ध कराये गए।

संस्थान के निदेशक आचार्य अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका संस्थान जिले के गरीब बच्चों तक उत्कृष्ट शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।कार्यक्रम का संचालन रामेंद्र पांडेय ने किया।

मदद

- आरजीआईपीटी के निदेशक ने बांटे मोबाइल फोन
- योजना के तहत कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों को मिलेगा लाभ